लो-१८ (...)

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ

(मानित विश्वविद्यालय)

कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16

क्रमांक : एफ-1(70)अतिथि अध्यापक/प्रशासन/2018 19/ ५८६ दिनांक : 01 अगस्त, 2019

अधिसूचना

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा (भाषा विभाग), भारत सरकार के आदेश सं.21-3/2019-Skt.II) दिनांक 18 जून,2019 के निरन्तर में दिनांक 30 जुलाई, 2019 को अपराह्ण 1:00 बजे कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में कुलपति महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गहन विचार करते हुये सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गए :-

1. विद्यापीठ के पास दो गाँव **कटवारिया सराय एवं किशनगढ़** को **संस्कृत ग्राम** के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिये **डॉ. परमेश शर्मा** एवं **डॉ. आरती शर्मा**, सहायक प्रोफेसर (शिक्षा) को इस कार्य की क्रियान्वित किये जाने हेतु संयोजक नियुक्त किया जाता है तथा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि दोनों संयोजक **डॉ. कमला भारद्वाज, प्रोफेसर (व्याकरण एवं छात्रकल्याण परिषद अध्यक्षा)** के निर्देशन में विस्तृत योजना तैयार कर अनुमोदन हेतु माननीय कुलपति महोदय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस कार्य योजना का शुभारम्भ संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत किया जायेगा।

2. संस्कृत भारती से प्राप्त पत्र दिनांक 29 जुलाई,2019 जोकि अखिल भारतीय अधिवेशन में विद्यापीठ के सहभागिता के सम्बन्ध में है, पर गहन विचार-विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गए:-

1. उक्त अखिल भारतीय अधिवेशन में विद्यापीठ द्वारा सहभागिता की जायेंगी ।
2. अधिवेशन में तीन प्रकार की संस्कृत प्रदर्शनियां होंगी :-
   (1) संस्कृत के क्षेत्र में आंग्लशासन के पूर्व कीसंस्कृत की स्थिति
   (2) आंग्लशासन काल में संस्कृत की स्थिति
   (3) वर्तमान काल में संस्कृत की स्थिति को द्योतित करने वाली प्रदर्शनी आयोजित की जायेगी ।
3. इस कार्यक्रम का संयोजक **प्रो. बिहारीलाल शर्मा** को बनाया जाता है ।
4. इस कार्यक्रम के आयोजन में होने वाले व्यय के विशेष अनुदान हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को विकास/लेखा विभाग द्वारा निवेदन किया जाए ।
5. संस्कृत प्रदर्शनी का कार्य सम्पन्न करने के लिए विद्वानों एवं शोधार्थियों से सम्पर्क करने एवं विचार-विमर्श करने के लिए टाईप-5 में आरक्षित कुलसचिव आवास में 15 नवम्बर, 2019 तक एक अस्थायी कार्यालय स्थापित किया जाए ।
6. अधिवेशन में आने वाले विद्वानों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था, विद्यापीठ के विश्रान्तिनिलय में की जायेगी, जिसका व्यय विद्यापीठ वहन करेगा ।

P.T.O.

7. प्रो. कमला भारद्वाज एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के संयोजकों के साथ चर्चा कर संयुक्त कार्य योजना भी तैयार करेंगी ।

8. दिनांक 12.08.2019 से 18.08.2019 तक संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु गत वर्षों की भांति प्रो. कमला भारद्वाज को संयोजिका नियुक्त किया जाता है, जो संकायप्रमुखों से चर्चा के उपरान्त इसकी विस्तृत योजना तैयार कर कुलपति महोदय को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेंगी ।

9. संस्कृत सप्ताह अन्तर्गत हम यह संकल्प लें कि इस परिसर को संस्कृत परिसर घोषित करें, इसके लिए संस्कृत की सूक्तियों एवं वाक्यों को परिसर में लगाये तथा यथासम्भव संस्कृत में सम्भाषण करने का निर्णय लिया गया ।

यह अधिसूचना माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार निर्गत किया जा रहा है।

(मंजीत सिंह)
सहायक कुलसचिव (प्रशासन)

प्रतिलिपि :

1. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष
2. डॉ. कमला भारद्वाज, प्रोफेसर (व्याकरण) एवं छात्रकल्याण परिषद अध्यक्षा
2. डॉ. बिहारीलाल शर्मा, प्रोफेसर (ज्योतिष) एवं कुलानुशासक
3. डॉ. परमेश शर्मा, सहायक प्रोफेसर (शिक्षा)
4. डॉ. आरती शर्मा, सहायक प्रोफेसर (शिक्षा)
5. एन.सी.सी., अधिकारी छात्र एवं छात्रा वर्ग
6. एन.एस.एस. अधिकारी
7. उपकुलसचिव (वित्त)
8. सहायक कुलसचिव (विकास)
9. अतिथि गृह अधिकारी
10. निजी सचिव कुलपति/कुलसचिव/वित्ताधिकारी
11. संबंधित पत्रवली

(मंजीत सिंह)
सहायक कुलसचिव (प्रशासन)